卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 68 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦15 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भजन लाल बने राजस्थान के सीएम

### दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

जयपुर (उद ब्यूरो)।भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए सीएम बन गए हैं। जयपुर के अलबर्ट हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने भजनलाल शर्मा को सीएम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल का आज जन्मदिन भी है। भजनलाल के साथ दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल शामिल हुए। इसके अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, एमपी के नए सीएम मोहन यादव, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, अर्जुनराम मेघवाल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के सीएम मणिक साहा, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत तमाम नेता पहुंचे। भजनलाल शर्मा ने शपथ ग्रहण से पहले अपने माता पिता का आशीर्वाद लिया। इससे पहले उन्होंने मंदिर में जाकर पूजा अर्चना भी की। बता दें बीजेपी ने राजस्थान में 115 सीटों पर जीत हासिल की है। (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रताड़ना से परेशान महिला सिविल जज मांगी इच्छा मृत्यु

**सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र, मचा हड़कम्प**

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। यूपी में महिला सिविल जज ने प्रताड़ना से परेशान होकर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से इच्छा मृत्यु मांगी है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बांदा में तैनात सिविल जज ने इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पत्र को लिखने का उद्देश्य मेरी कहानी बताने और प्रार्थना करने के अलावा कुछ और नहीं है. "मैं बहुत उत्साह के साथ न्यायिक सेवा में शामिल हुई, सोचा था कि आम लोगों को न्याय दिला पाऊंगी. मुझे क्या पता था कि न्याय के लिए हर दरवाजे का भिखारी बना दिया जाएगा." मुख्य न्यायाधीश को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा कि काफी निराश मन से लिख रही हूं। आरोप है कि बाराबंकी में तैनाती के दौरान महिला सिविल जज को प्रताड़ना से गुजरना पड़ा। जिला जज पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया कि रात में भी जिला जज से मिलने के लिए कहा गया। महिला जज ने कहा कि मैंने मामले की शिकायत इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से 2022 में की. आज की तारीख में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरी परेशानी को जानने की किसी ने परवाह भी नहीं की। जुलाई 2023 (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में छात्र की दर्दनाक मौत

### देर रात अंगदपुर उमरपुर के बीच घटित हुआ हादसा

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोर वय छात्र की देर रात सड़क हादसे में दर्दनाक मृत्यु हो गई। वह माता-पिता का इकलौता था। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक उमरपुर जसपुर निवासी कैलाश सिंह का 17 वर्षीय पुत्र लक्की स्थानीय एक इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का छात्र है। बताते हैं कि गुरुवार की रात्रि वह अपने किसी साथी की मोटरसाइकिल लेकर अंगदपुर एक कार्यक्रम में शामिल होने गया। पता चला है की वापसी में रात्रि लगभग 8:30 बजे अंगदपुर तथा उमरपुर के बीच हाईवे पर अज्ञात वाहन की मोटरसाइकिल से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद गंभीर रूप से लहूलुहान छात्र को टोल प्लाजा के एक वाहन ने काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय पंचायत जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। पिता मजदूरी करते हैं। घटना के बाद से परिजन बेहद सदमे में है।



## तेज रफ्तार ने ली दो लोगों की जान

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी में देर रात अलग अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी। पटेलनगर और जीएमएस रोड पर ये दुर्घटनाएं रात 10 बजे के करीब हुईं। पटेलनगर में थार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को कुचल दिया। इसके बाद भीड़ ने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों जगहों से वाहन चालकों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार पटेलनगर में अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने एक युवक सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान शहर से पटेलनगर की तरफ आ रही तेज रफ्तार थार ने युवक को कुचल दिया। इसके बाद चालक ने गाड़ी भगाने की कोशिश की लेकिन मौके पर भीड़ ने उसे सामने से रोक लिया। गाड़ी रुकते ही लोगों ने उसमें तोड़फोड़ शुरू कर दी। गाड़ी का शीशा ईंट-पत्थर मारकर तोड़ दिए गए। मौके पर पहुंची पुलिस कार चालक हिरासत में बाजार चौकी ले गई। मृतक पटेलनगर का आशू बताया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जीएमएस रोड पर देना बैंक के सामने एक बलेनो कार ने साइकिल सवार को तेज टक्कर मार दी। टक्कर लगने के सवार साइकिल के साथ कई फीट ऊंचा उछला और गिरते ही उसकी मौत हो गई। साइकिल सवार मंडी की तरफ से बल्लीवाला चौक की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के (शेष पृष्ठ सात पर)



## दबंगों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस मौहल्ला खेड़ा में कुछ दबंग युवकों ने एक घर में पथराव करने के बाद घुसकर परिजनों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सावित्री देवी पत्नी जितेन्द्र निवासी वार्ड 19, खेड़ा ने कहा है कि 8 दिसम्बर को सायं उसका पुत्र सूरज अपने घर जा रहा था।(शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल के कमरे में यात्री की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां एक होटल में रुके यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रात: जब यात्री काफी देर तक कमरे सा बाहर नहीं निकला तो होटल प्रबंधन ने मामले की जानकारी 112 नंबर के माध्यम से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बाजार चौकी प्रभारी पुलिस कर्मियों का साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया साथ ही मृत अवस्था में यात्री के शव को अपने कब्जे में लिया। मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। बताया जाता है कि गत 12 दिसंबर को ग्राम नानीताल, मल्लीताल, नैनीताल निवासी लगभग 45 वर्षीय विपिन चंद्र तिवारी पुत्र गिरीश चन्द्र तिवारी ने बाजार चौकी क्षेत्र के एक होटल में कमरा लिया था। गत रात्रि उसने खाना मंगवाकर खाया। प्रात: जब उन्हें चाय देने कर्मी गया तो दरवाजा नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)





## किशोरी को जेवर सहित अगवा कर बरेली छोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक किशोरी को पड़ोसियों द्वारा बहला हुसला कर जेवरों सहित अगवा कर उसे बरेली रेलवे जंक्शन पर छोड़ दिया गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। परिजनों का कहना है कि 5 दिसंबर को पड़ोस में किराये पर रहने वाले एक परिवार के सदस्यों ने उसकी 14 साल की नाबालिक पुत्री से कहा अपनी मम्मी का सोने का हार और कान की झुमकी, 2 सोने की अंगूठी, सोने की एक कान की बाली, नाक की लोंग हमें दे दो तुम्हारी मम्मी से पूछ लिया है। पुत्री से बोले हमारे साथ तू बरेली शादी में चल जिसके बाद पुत्री को ले गये। उसकी पत्नी कम्पनी से काम करके शाम घर वापस आयी तो उसने देखा कि पुत्री घर पर मौजूद नहीं थी। पता लगा कि उसको पड़ोसी संपत्ति बरेली ले गये। जब उन्हें फोन किया तो उन्होंने कहा हमारे पास तुम्हारी लडकी नहीं है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'अरविंद' को भाजपा का 'टिकट' देने की मांग ने पकड़ा 'जोर'

### सर्व समाज के चहेते नेता के रूप में उभर रहे हैं अरविंद पांडे,चौतरफा उठने लगी भाजपा का टिकट देने की मांग

-अर्श-


रूद्रपुर। जैसे-जैसे 2024 के आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे तराई के कद्दावर भाजपा नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व शिक्षा ,पंचायत एवं खेल मंत्री अरविंद पांडे को नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गौरतलब है कि अरविंद पांडे को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा का टिकट दिए जाने की मांग किसी क्षेत्र विशेष अथवा समाज विशेष से ही नहीं उठ रही है ,बल्कि सर्व समाज अरविंद पांडे को क्षेत्र के संसद के रूप में देखना चाहता है। कदाचित यही कारण है कि सर्व समाज के लोग अपने-अपने तरीके से अरविंद पांडे को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का टिकट दिए जाने की मांग भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से कर रहे हैं । विगत दिनों काशीपुर प्रधान संघ के अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में तकरीबन 10 ग्राम प्रधान काशीपुर ब्लॉक कार्यालय में उपस्थित हुए और उन्होंने बाकायदा मीडिया के सामने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से अरविंद पांडे को तराई का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिए जाने की मांग की। इस मौके पर एकत्रित हुए सभी प्रधानों ने अरविंद पांडे द्वारा उत्तराखंड के शिक्षा, पंचायत एवं खेल मंत्री रहते हुए कराए गए विकास कार्यों को अभूतपूर्व बताया और कहा कि उनके द्वारा कराए गए विकास कार्य उन्हें अन्य सभी टिकट दावेदारों में सबसे आगे ला खड़ा करते हैं। बताना होगा कि सूबे के खेल मंत्री के रूप में अरविंद पांडे ने उत्तराखंड की खेल नीति में कई क्रांतिकारी परिवर्तन किए। इस क्रम में उन्होंने क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड को बीसीसीआई से मान्यता दिलाकर, पिछले कई सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहे प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया। काबिले जिक्र है कि पहले उत्तराखंड में कई क्रिकेट संघ थे और इन्हें विभिन्न राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त था ।कई धड़े में बंटे होने के कारण किसी भी क्रिकेट संघ को बीसीसीआई द्वारा मान्यता नहीं दी जा रही थी। इसके अलावा राज्य की नई खेल नीति, जिसके तहत उत्तराखंड में खेल महाकुंभ आयोजित कर राज्य की भारती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर समुचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है ,भी अरविंद पांडे की ही देन है ।खेल मंत्री रहते हुए पांडे ने खिलाड़ियों की आर्थिक जरूरत को भी समझा और राज्य के मान्यता प्राप्त खेल संघो से संबद्ध खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर उन्हें सरकारी सेवा में लेने और 2000 ग्रेड के अंतर्गत वेतन देने की व्यवस्था की। बताना होगा कि राज्य की नई खेल नीति के तहत 40 जीओ बनाने की संकल्पना की गई , जिसमें से 13 जीओ अब तक बन भी चुके हैं। पांडे के प्रयासों से ही ओलंपिक पदक विजेता मनोज सरकार को 50 लाख की सरकारी सहायता प्राप्त हुई और रुद्रपुर स्टेडियम का नामकरण मनोज सरकार के नाम पर किया जा सका। इसके अलावा गूलरभोज स्थित बोर जलाशय को देश विदेश में पहचान दिलाने में भी पांडे का विशेष योगदान है। उन्हीं के प्रयासों की चलते आजकल जलाशय में वीकेंड पर अच्छी खासी रौनक रहने लगी है और वहां 15 से 20000 की संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं तथा जलाशय ने प्रतिदिन पहुंचने वाले पर्यटक संख्या के आधार पर टिहरी झील को भी पीछे छोड़ा दिया है। अब पांडे जिम (शेष पृष्ठ सात पर)



# 'युवा' चेहरों के ऐलान से 'सीनियर' नेता हैरान!

- उत्तराखंड में भी धामी सरकार के मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म
- बीजेपी के नए प्रयोग पर कांग्रेस भी अचंभित, पीएम मोदी के फैसले की हो रही है सराहना
- कई दिग्गज नेताओं का टिकट काट सकती है और युवा चेहरों पर दांव खेल सकती है भाजपा

देहरादून(उद ब्यूरो)। तीन राज्यों के विधानसभा के नतीजे आने के बाद नये मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा होने के बाद हर कोई अचंभित है।बीजेपी के इस चौंकाने



वाले फैसले के बाद उत्तराखंड में भी चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी उत्तराखंड में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चौंकाने वाले फैसले ले सकती है। हालांकि नये चेहरों की ताजपोशी के बाद सीनियर नेता अब दबी जुबान से पीएम मोदी की तारीफ भी कर रहे है। तीन राज्यों में सियासी वर्चस्व वाले नेताओं को दरकिनार करने के प्रयोग को आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण से जोड़कर भी देखा जा रहा है। इतना ही नहीं आगामी लोकसभ के चुनाव में भी कई दिग्गज नेताओं की अपेक्षा अब पार्टी के युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की सरकार आने के बाद जिस तरीके से भाजपा ने चौंकाने वाले फैसले लेते हुए नए चेहरों पर मुख्यमंत्री का दांव खेला है, उसके बाद माना जा रहा है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई रणनीति के साथ आगे बढ़ने का मन बन चुके है। जिसमें पार्टी के युवा नेताओं और आखिरी पंक्ति के नेताओं को आगे बढ़ाने की पहल शुरू की गई है। हालांकि ये फैसला उन सीनियर नेताओं के लिए भी एक झटका है जो तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री बनाए जाने का ख्वाब सरकार आने के बाद दिख रहे थे। भाजपा के इस निर्णय से शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और रमन सिंह को झटका तो लगा ही है लेकिन कई राज्यों को भी एक संदेश भाजपा की निर्णय से चले गया है कि अब पार्टी के लिए सीनियरिटी नहीं बल्कि युवा चेहरा और संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ता मायने रखता है। भाजपा आलाकमान के इस फैसले के बाद उत्तराखंड के दिग्गज नेताओं की धड़कनें भी अब बढ़ी हुई हैं। माना जा रहा है कि जब भी अब धामी मंत्रिमंडल का विस्तार होगा तो मंत्रिमंडल में अपनी सीट सुरक्षित मान रहे कुछ बड़े नेताओं को भी पार्टी झटका दे सकती है। वहीं मंत्रिमंडल विस्तार में ऐसे चेहरों को जगह मिल सकती है जो मंत्री बनने का ख्वाब तक नहीं देख रहे हैं। वहीं चर्चाएं पार्टी के भीतर इस बात की भी है की लोकसभा उम्मीदवारों के जब नाम आएंगे तो पार्टी कई दिग्गज नेताओं का टिकट काट सकती है और युवा चेहरों पर दांव खेल सकती है। पीएम मोदी के द्वारा जो फैसला युवा चेहरों को आगे बढ़ाने और आखिरी पंक्ति में बैठे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का लिया गया है उसका उत्तराखंड बीजेपी में संगठन से जुड़े नेता हो विधायक हो या फिर मंत्री हो खुलकर सराहना कर रहे हैं। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ने की बात की जा रही है। वहीं भाजपा के नए प्रयोग पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का भी बयान सामने आया है। हरीश रावत का कहना है की पूरी भाजपा प्रधानमंत्री को ये साबित करने की कोशिश कर रही है कि प्रधानमंत्री ही सब कुछ है और जिस तरीके से शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और रमन सिंह को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया है उससे भाजपा ने संदेश तो दे दिया है कि कई बड़े नेताओं को पार्टी उत्तराखंड में भी घर बिठाकर दूसरों को मौका दे सकती है। इसके साथ ही जिस तरीके से आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी को पार्टी ने घर बिठाने का काम किया और इस तरीके से नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह को भी उसी पंक्ति में भाजपा खड़ा कर सकती है।

## धामी सरकार में 11 दायित्वधारियों के नामों की तीसरी सूची की जारी

देहरादून(उद संवाददाता)।धामी सरकार ने बृहस्पतिवार रात दायित्वधारियों की तीसरी सूची जारी कर दी। धामी सरकार ने 11 और भाजपा नेताओं को दायित्वों की सौगात दे दी है। इससे पहले जारी हुई दो सूचियों में कई वरिष्ठ नेताओं को दायित्व दिए जा चुके हैं। बृहस्पतिवार रात जारी सूची के मुताबिक



चंडी प्रसाद भट्ट को सीमान्त क्षेत्र अनुश्रवण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, विनोद उनियाल को राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता परिषद का उपाध्यक्ष, श्यामवीर सैनी को प्रदेश स्तरीय गन्ना विकास सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष, राजकुमार को उत्तराखंड बागवानी विकास परिषद का उपाध्यक्ष, दीपक मेहरा को उत्तराखंड वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष, विनय रोहिला को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष, उत्तम दत्ता को उत्तराखंड मत्स्य पालक विकास अभिकरण का उपाध्यक्ष, दिनेश आर्य को उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं गणेश भंडारी को राज्य स्तरीय लघु सिंचाई सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष, देवेन्द्र भसीन को उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति का उपाध्यक्ष और विश्वास डाबर को अवस्थापना अनुश्रवण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इन नेताओं में कई भाजपा के जिलाध्यक्ष भी हैं।

## नेस्ले इंडिया में आपदा से बचाव का दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शुक्रवार को सिडकुल पंतनगर स्थित नेस्ले इंडिया लिमिटेड में जिला प्रशासन ऊधम सिंह नगर के निर्देशुनशार एनडीआरएफ के सहयोग से जिला आपदा अधिकारी जनपद ऊधम सिंह नगर उमा शंकर नेगी की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन एवं आपदा से बचाव हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नेस्ले इंडिया लिमिटेड, पन्तनगर से लगभग 100 कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम अति प्रशंसनीय रहा जिसमें जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी श्री उमा शंकर नेगी के साथ एनडीआरएफ गदरपुर



के ब्रांच निरीक्षक संजय कुमार और उनकी टीम के सदस्य तथा नेस्ले इंडिया लिमिटेड के विशाल गर्ग, मैनेजर कॉरपोरेट अफेयर्स, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, इंजीनियरिंग हैड, तन्नु कुमारी, सुरक्षा अधिकारी की देखरेख में ये कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें आपदा प्रबंधन एवं जीवन सुरक्षा प्रणाली पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी श्री नेगी जी द्वारा किसी भी आपदा के पूर्व व दौरान जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं आपातकालीन परिचालन केन्द्र की कार्यप्रणाली एवं आपदा के दौरान त्वरित कार्यवाही हेतु महत्वपूर्ण आपातकालीन दूरभाष नम्बरों तथा टोल फ्री नम्बर 1077 के विषय में जानकारी प्रदान करते हुये आपदा से निपटने हेतु कुशल मार्गदर्शन किया गया। सिडकुल पंतनगर स्थित नेस्ले इंडिया लिमिटेड से श्री दिनेश शर्मा, फैक्ट्री मैनेजर द्वारा एनडीआरएफ और जिला आपदा टीम का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।



## मोहित कोली व अनिल कोली गैंगस्टर में निरूद्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त दो आपराधिक तत्वों मोहत कोली तथा अनिल कोली को पुलिस ने गैंगस्टर में निरूद्ध कर दिया है। कोतवाल विक्रम राठौड़ ने बताया कि अनुमोदित गैंग चार्ट में शामिल मोहित कोली उर्फ टिल्लू पुत्र ओमप्रकाश निवासी इमली मोहल्ला रम्पुरा तथा अनिल कोली उर्फ खसूटर पुत्र राम प्रसाद कोली निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा का एक संगठित गिरोह है। जिसका लीडर मोहित कोली व सदस्य अनिल कोली है। जो आम जनता की खून पसीने से एकत्रित की गयी कमाई को चोरी कर लेते हैं। यह गिरोह जनता की गाढी कमाई मे अपना हाथ साफ अनुचित ढंग से धन लाभ अर्जित करते है। इस गिरोह का आम जनमानस, व्यापारी वर्ग एवं विद्यार्थी वर्ग मे इतना डर एवं भय व्याप्त है कि कोई भी व्यक्ति इन से स्वंयं एवं अपनी सम्पत्ति को असुक्षित महसूस करता है तथा इनके विरुद्ध रिपोर्ट लिखाने एवं गवाही देने की हिम्मत नही कर पाता है। इस गिरोह का समाज मे स्वच्छंद घूमना जनहित एंव न्यायाहित मे उचित नही है। इस गैंग के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाना आवश्यक हो गया हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मां बेटी लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। मासूम बच्ची के साथ एक विवाहिता बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब मां बेटी का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर काशीपुर निवासी मुकेश सिंह पुत्र करन सिंह की 20 वर्षीय पत्नी पूजा बीते दिवस अपनी पुत्री अनन्या को लेकर अचानक घर से लापता हो गई। तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी जब विवाहिता का कोई पता नहीं चला तो मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की गुणसूत्र की दर्ज कर मां बेटी का पता लगाना शुरू कर दिया।



## भीमताल ब्लॉक में दो महिलाओं को मौत के घाट उतारने वाले नरभक्षी की तलाश में जुटी वन विभाग की टीम

नैनीताल(उद संवाददाता)। विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल ब्लॉक में दो महिलाओं को मौत के घाट उतारने वाले नरभक्षी के अब तक पकड़े नहीं जाने पर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कहा कि मामले में वन विभाग की कार्रवाई शून्य प्रतीत हो रही है। विधायक ने बृहस्पतिवार को भीमताल में प्रेस वार्ता कर नैनीताल डीएफओ से बाघ को पकड़कर ग्रामीणों को वन्यजीव के आतंक से निजात दिलाने को कहा। कैड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीएफओ की ओर से बाघ को लेकर बार-बार बयान बदले जा रहे हैं। कैड़ा ने कहा कि बाघ के खौफ से मलुवाताल और पिनरों के ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में डरने लगे हैं। महिलाएं अपने मवेशियों के लिए चारा तक नहीं ला पा रही हैं। विधायक ने कहा कि घटना के आठ दिन बाद भी बाघ विशेषज्ञ, वन विभाग की टीम खाली हाथ है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, पंकज जोशी, कमल जोशी आदि रहे। भीमताल ब्लॉक के मलुवाताल और पिनरों गांव में नरभक्षी के आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग की ओर बाघ विशेषज्ञ, 75 से अधिक वन कर्मी, पिंजरे, ट्रैप कैमरे और एसडीआरएफ की टीम नरभक्षी की मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से बाघ के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी, नितिन पंत ने बताया कि हमारी टीम नजर बनाए हुए हैं। ट्रैप कैमरे में अभी कुछ नजर नहीं आया है। क्षेत्र में बाघ और तेंदुए का मूवमेंट है। घटनास्थल से सैंपल लिए गए हैं। सैंपल की जांच होने के बाद ही हमलावर वन्यजीव के बाबत स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### ढेला रेंज में बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की मिली अनुमति

नैनीताल। पटरानी में महिला पर हमला करने करने वाले बाघ को कॉर्बेट के वनकर्मियों ने चिह्नित कर लिया है। इसके बाद चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ने बाघ को ट्रेंक्यूलाइज करने के आदेश जारी कर दिए हैं। छह दिसंबर को ढेला के जंगल में पटरानी निवासी अनीता देवी को बाघ ने मौत के घाट उतार दिया था। वन्यजीवों के बढ़ते हमलों से ग्रामीण आंदोलनरत हैं। ग्रामीण मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा और सुरक्षा देने की मांग कर रहे हैं। कॉर्बेट के उपनिदेशक दिगांथ नायक ने बताया कि उक्त बाघ को चिह्नित कर लिया है। चीफ



वाइल्ड लाइफ वार्डन ने बाघ को ट्रेंक्यूलाइज कर पकड़ने के आदेश दिए हैं।

## कैंची धाम के लिए 12.14 करोड़ में बनेगा बाईपास मार्ग

नैनीताल। कैंची धाम में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए बाईपास निर्माण के लिए 12.14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो गई है। स्वीकृत धनराशि से सेनिटोरियम से सिरोड़ी मार्ग की ओर 8 किलोमीटर तक चौड़ीकरण, डामरीकरण और सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा। बाइपास निर्माण के बाद धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। कैंची स्थित बाबा नीब करौरी के धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। भवाली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने से श्रद्धालु, यात्रियों और स्थानीय लोगों को जाम से परेशान होना पड़ता है। वर्तमान में सेनिटोरियम से सिरोड़ी होते हुए कैंची धाम बाईपास के लिए शासन से 12.14 करोड़ रुपये मंजूर हो गए हैं। धनराशि से कैंची धाम के लिए बाईपास का निर्माण किया जाएगा। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि कैंची धाम के लिए सेनिटोरियम से बाईपास बनने से जाम से राहत मिलेगी। बाईपास निर्माण से आवागमन सुगम होगा।

## 19 दिसंबर को होगी मुख्य आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्या की जमानत याचिका की अगली सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। पौड़ी जिले के डोभ श्रीकोट की अंकिता भंडारी वनंत्रा रिजॉर्ट ऋषिकेश में नौकरी करती थी। रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित पर उसकी हत्या का आरोप है। इन पर चीला बैराज में अंकिता को धक्का देकर मार डालने का आरोप है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। तबसे सभी आरोपी जेल में हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दायित्व मिलने पर उत्तम का जोरदार स्वागत

## मत्स्य पालक विकास अभिकरण का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जताया आभार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम दत्ता को दर्जा मंत्री का दायित्व मिलने पर आज उनके निवास पर तमाम लोगों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। बता दें वरिष्ठ नेता उत्तम दत्ता को मत्स्य विभाग में दायित्व सौंपा गया है। दत्ता को नई जिम्मेवारी मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। विधायक शिव अरोरा समेत तमाम लोगों ने उत्तम दत्ता के निवास पर पहुंचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत करते हुए स्वागत किया। इस दौरान शिव अरोरा ने कहा कि उत्तम दत्ता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता है जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित किया है और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सदैव काम किया है। उन्होनें कहा कि उत्तम दत्ता को दर्जा मंत्री का जो दायित्व दिया गया है उससे पूरे क्षेत्र की जनता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस दौरान उत्तम दत्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री और शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास किया है उस पर खरा उतरेंगे और उनको जो विभाग दिया गया है उस विभाग में विकास लगातार चलता रहे इसके लिए प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर रामपाल सिंह समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत



रामनगर। ठाकुरद्वारा जा रही कार टांडा मल्लू चौराहे पर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि होमगार्ड समेत तीन लोग घायल हो गए। बुधवार को ठाकुरद्वारा से कार सवार चार लोग रामनगर आए थे। वे बृहस्पतिवार तड़के दो बजे लौट रहे थे। टांडा मल्लू चौराहे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार चालक अब्दुल रहमान (28) उर्फ भूरा पुत्र रहमत अली निवासी ठाकुरद्वारा की मौके पर ही मौत हो गई। अगली सीट पर बैठे शाहरुख अली पुत्र मो. अली निवासी ठाकुरद्वारा, होमगार्ड उस्मान अली पुत्र नन्हे शाह निवासी ठाकुरद्वारा और लोकेश पुत्र देवेंद्र निवासी रायपुर जसपुर घायल हो गए। शाहरुख को गंभीर हालत में हल्द्वानी भेजा गया था, जहां से परिजन उसे काशीपुर ले गए। घायल होमगार्ड को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि होमगार्ड को छोड़कर तीनों युवक ठाकुरद्वारा में मोटर मैकेनिक का काम करते हैं। कार के अंदर तीन लोग फंसे थे। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कटर से कार के दरवाजों को काटा, तब जाकर तीनों घायलों को बाहर निकाला जा सका। बताते हैं कि हादसे के बाद लोकेश बिना बताए चला गया। हालांकि, पुलिस ने जब उसकी खोजबीन की तो पता चला कि वह जसपुर के अस्पताल में अपना इलाज करा रहा है। होमगार्ड उस्मान को रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद वह भी छुट्टी लेकर चला गया। शाहरुख को हायर सेंटर रेफर किया गया है। शाहरुख को बृहस्पतिवार सुबह सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया था। शाहरुख के कजिन पूर्व फौजी मोहम्मद फुरकान का आरोप है कि एक घंटा इंतजार के बाद भी एसटीएच में शाहरुख को इलाज नहीं मिला। डॉक्टर ने तत्काल ऑपरेशन की जरूरत बताई। कहा कि यहां तत्काल ऑपरेशन की सुविधा नहीं है। ऐसे में कई दिन इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने शाहरुख को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद उसे काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब उसकी हालत में कुछ सुधार है। इधर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि घायल को तीमारदार अस्पताल से अपनी मर्जी से ले गए। अस्पताल की तरफ से घायल को सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

In the Court Of XVIII Civil Judge
Class-I, District Court Bhopal
Presiding Officer : लोकेश तारन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (COMMS/900011/2022)
मेसर्स भोपाल फ्यूल एंड केमिकल्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर असद इकतेदार..........वादी
Vs
मेसर्स ड्रेक्कन हेल्थकेयर लि. द्वारा मिंटे पुरुषोत्तम गुप्ता..........................प्रतिवादी
Process ID-2023
पेशी दिनांक 06.02.2024
प्रतिप्रति-
(1) मेसर्स ड्रेक्कन हेल्थकेयर लि. द्वारा मिंटे पुरुषोत्तम गुप्ता पता-247 द्वितीय तल पुंजागुट्टा ब्राह्मणपुरी कालोनी हैदराबाद तेलंगाना, (2) मिंटे पुरुषोत्तम गुप्ता एम डी एण्ड सी ई ओ पता-247 द्वितीय तल पुंजागुट्टा ब्राह्मणपुरी कालोनी हैदराबाद 500082 तेलंगाना।
यह कि वादी मेसर्स भोपाल फ्यूल एंड केमिकल्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर असद इकतेदार ने आपके विरुद्ध कमर्शियल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अभिभाषक) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके।
आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 02.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(लोकेश तारन)
अठारहवे व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)

# वाहन चोरों ने उड़ाई तीन मोटर साईकिलें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। सभी घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नाजिम खान पुत्र नासिर खान निवासी वार्ड 6 भूत बंगला ने कहा है कि 12 दिसम्बर को सायं वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एए 8135 पर सवार होकर गांधी पार्क मेला देखने आया था। उसने अपनी मोटर साईकिल गांधी पार्क के अंदर पार्किंग में लॉक लगाकर खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद मेला देखकर वापस आया तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी जो कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी। वहीं रोहित पुत्र मनोहर लाल निवासी विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 6 दिसम्बर को रात्रि 10 बजे में वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीबी 7983 से शिवनगर स्थित पकौडी चौराहा पर किसी कार्य से गया हुआ था। उसने अपनी मोटर साइकिल सड़क के किनारे लॉक लगाकर खड़ी कर दी थी। जब वह वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। इधर अमित चौहान पुत्र राम गोविन्द निवासी टीडीसी. कालोनी हल्दी, पंतनगर ने दर्ज रपट में कहा है कि 10 दिसम्बर को सांय 6 बजे अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीए 0231 से मोदी मैदान के समीप स्थित सब्जी मण्डी से सब्जी खरीदने के लिये गया था। अपनी मोटर साईकिल को बाजार में खड़ा कर लॉक लगा दिया। वापस आकर देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने तीनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब बेचता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं ट्रांजिट थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी गश्त करते ग्राम फुलसुंगी पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर एक निजी स्कूल के पास कालोनी में गये। जहां एक व्यक्ति रोड़ किनारे कच्ची शराब बेचता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता बलजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी फुलसुंगा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से थैले में रखे कुल 58 पाऊच कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर बलजीत के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।डा. आरएस टोलिया उतराखण्ड़ प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षणा कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं। प्रथम दिवस गुरुवार को आपदा प्रबंधन संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला आायोजित हुई। जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूकम्प की दृष्टि से जनपद पिथौरागढ़ जोन पॉच में आता है। साथ ही जनपद वर्षाकाल में आपदा की दृष्टि से भी अति संवेदनशील है, इसलिए संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। ऐसे प्रशिक्षणों से हम अपनी स्किल को और बेहतर व अपडेड कर सकतें है। उन्होने कहा कि शुक्रवार व शनिवार को शिक्षा का अधिकार ,बेटी बचाओं – बेटी पढाओ, सूचना का अधिकार, सेवा का अधिकार, सिटीजन चार्टर, ई आफिस, ई गर्वनैंस आदि का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा। इन प्रशिक्षण को भी अधिकारी प्रतिभाग कर अपनी जानकारीयों को बढायें।अपर जिलाधिकारी डा. शिव कुमार बरनवाल ने कहा कि पिथौरागढ़ जनपद आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। इसलिए अधिकारी आपदा न्यूनीकरण व आपदा पूर्व व बाद में किये जाने वाले कार्य अति महत्वपूर्ण है, इसलिए पूर्ण जानकारी आवश्यक है।कंसलटेंट एटीआई रागनी तिवारी, प्रशिक्षक वासु पाण्डे, पूनम खघ्त्री ने आपदा प्रबंधन की पूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि अकादमी द्वारा राज्य के दूरस्थ जनपदो में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका ध्येय दूरस्थ स्थानो में कार्यरत अधिकतम अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही जनपद स्तरीय विशिष्ट प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान कर आगामी प्रशिक्षणों की कार्ययोजना भी बनाना है। इस तीन दिनी प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा प्रबंधन जैसे आपदा पूर्व, आपदा के दौरान, आपदा के बाद क्या व कैसे कार्य किया जाय ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम से कम किया जा सकें । इसकें साथ ही

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007




हिन्दी सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दर्पण
Follows us UttaranchalDarpan.in
Follows us darpannews.net
Follows us DARPAN NEWS
Watch us DARPAN NEWS

# नशे के इंजेक्शनो के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम करने हेतु गश्त के दौरान गोला नदी के किनारे जवाहर नगर में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शकील अहमद पुत्र स्व. हफीज अहमद निवासी वार्ड नंबर 14 टनकपुर रोड जवाहरनगर, वनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से नशे के कुल 17 इजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर शकील के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि. अनिल कुमार, कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा व सुनील कुमार शामिल थे।



# राज्यपाल ने 'गुजरात साइंस सिटी' का किया भ्रमण

देहरादून/गुजरात(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुजरात प्रवास के अंतर्गत अहमदाबाद में स्थित ''गुजरात साइंस सिटी'' का भ्रमण किया। राज्यपाल ने कहा कि वैज्ञानिक जिज्ञासा के केंद्र के रूप में यह स्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स, शैक्षिक शो, समुद्री गैलरी पर इंटरैक्टिव प्रदर्शनों के साथ-साथ जल संपदा का संरक्षण, वैज्ञानिक अवधारणाओं को जीवन में लाने के लिए व्यापक अनुभव करने के साथ मनोरंजक और आकर्षक वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा की साइंस सिटी वैज्ञानिक प्रवृत्ति को और संभावित रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भविष्य के करियर को बढ़ावा देती है। यहां कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक सिद्धांतों को सीधे तौर पर समझ और अनुभव कर सकता है, जिससे वैज्ञानिक दुनिया की गहरी समझ और सराहना हो सकेगी। राज्यपाल ने कहा की यह स्थान हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की ''विश्वगुरु'' भारत की दूरदर्शिता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा की प्रत्येक भारतीय को कम से कम एक बार यहां अवश्य आना चाहिए।



# नानकमत्ता में नौ किसानों के खेतों से मोटर चोरी

नानकमत्ता। प्रतापपुर क्षेत्र में चोर सक्रिय होने से किसानों में दहशत है। खेतों में सिंचाई के लिए लगी मोटर चोरी होने की लगातार कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन पुलिस इन मामलों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। किसान आयोग के उपाध्यक्ष सहित नौ किसानों के खेतों से चोर सिंचाई की मोटर चोरी कर ले गए। प्रतापपुर नंबर चार निवासी किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसमें कहा गया है कि 12 दिसंबर की रात चोर उनकी व प्रतापपुर नंबर आठ निवासी बलजीत सिंह, गुरमेज सिंह, मनजीत सिंह, गुरशरण सिंह, बेअंत सिंह सहित नौ किसानों के खेत व घर के आंगन में लगी खेतों में सिंचाई करने वाली मोटर चोरी कर ले गए। इससे पूर्व भी प्रतापपुर नंबर छह व नौ में त्रिलोक सिंह, रणधीर सिंह सहित कई घरों में चोरी हो चुकी है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद है। पुलिस को तहरीर सौंपी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

# शूटिंग के लिए लैंसडौन पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर

कोटद्वार। फिल्म अभिनेता व निर्देशक अनुपम खेर अपनी नई फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में लैंसडौन पहुंच गए हैं। उनकी टीम ने लैंसडौन में जीएमवीएन के टिप इन टॉप स्थित विरासत भवन में डेरा जमाया है। वे लैंसडौन में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग की तैयारियों को लेकर यहां आए हैं। उनके साथ फिल्म यूनिट के सदस्य भी हैं। सूत्रों के अनुसार उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए लैंसडौन में चार होटल बुक कराए हैं। बुधवार देर शाम यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले देवी माता मंदिर में माथा टेका और क्षेत्र का भ्रमण किया। बताया जा रहा है कि उनकी ओर से फिल्म की शूटिंग के लिए नगर व निकटवर्ती क्षेत्रों में आगामी 10 फरवरी से 30 अप्रैल तक के लिए होटलों की बुकिंग कराई गई है। शूटिंग की तिथि नजदीक होने के कारण वह यूनिट के करीब 20 सदस्यों के साथ लोकेशन तय करने समेत कई तैयारियों का यहां जायजा लेंगे।

# नर्सिंग की छात्राओं ने लगाया छात्रावास से निकालने का आरोप

नैनीताल। रैमजे परिसर स्थित नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर प्रताड़ित करने और छात्रावास से निकालने के आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में प्रवेश के समय उन्हें तृतीय वर्ष की पढ़ाई पूरी होने तक छात्रावास में रहने की जानकारी दी गई थी। दूसरा वर्ष पूरा होने पर उनसे सालाना शुल्क ले लिया गया। छात्राओं का कहना है कि तीसरा सेमेस्टर पूरा होने से पहले ही उन पर छात्रावास खाली कराने का दबाव बनाया जा रहा है। बताया कि हाल के दिनों में तृतीय वर्ष की कई छात्राएं छात्रावास खाली कर चली गई हैं। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए कॉलेज के प्रध ानाचार्य को कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। बाद में जब इस संबंध में एसडीएम प्रमोद कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले में जानकारी लेकर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम का कहना है कि छात्राओं का अहित नहीं होने दिया जाएगा।

# जल संस्थान कार्यालय परिसर से चुराए गए केबिल सहित चार युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने जल संस्थान कार्यालय परिसर से केबल चोरी करने वाले चार युवकों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक ने बताया कि अनिल कुमार कन्नौजिया मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उत्तराखण्ड जल संस्थान तिकोनिया द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों द्वारा जल संस्थान कार्यालय परिसर तिकोनिया आफिस से समर सेविल मोटर की लगभग 70 मीटर केबिल चोरी कर ली गई है। चोरी के खुलासे के लिए गठित की गई पुलिस टीम द्वारा आस-पास के सभी स्थानों में छानबीन की गई। जिसके पश्चात पुलिस टीम ने इन्द्रानगर रेलवे क्रासिंग के पहले वाहन संख्या यूके 04 सीए 4596 में 2 बण्डल चोरी किया गया तार बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर चार युवकों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अजीम पुत्र सलीम निवासी लाईननामवर 17, बनभूल पुरा, मतीन फरीद पुत्र मोबिन निवासी लाईन नंबर 17 बनभूलपुरा, फरमान पुत्र उस्मान निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा तथा शानू पुत्र अमीर निवासी गफूर बस्ती बताया। पुलिस टीम में उ0नि0 कुमकुम ध ानिक चौकी प्रभारी भोटिया पडाव, अ उनि राजेन्द्र प्रसाद, हे0का0 ललित कुमार व संजीत राणा शामिल थे।



# समूह लोकगीत एवं समूह लोक नृत्य में एसएस पब्लिक स्कूल प्रथम




गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2023 का आयोजन गूलरभोज रोड स्थित विकासखंड सभागार में किया गया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग गदरपुर द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ बीडियो शेखर जोशी एवं अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी ओ पी आर डी गौरव त्रिपाठी और युवा कल्याण विभाग से वी आई चंद्रिका फौगाट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। महोत्सव में प्रतिभाग करके छात्र-छात्राओं द्वारा समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह लोक नृत्य ,भाषण की प्रस्तुति देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। जज के रूप में अमन सिंह सभरवाल एवं स्वरित जोशी ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। जिसमें समूह लोक गीत में एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर के बच्चों देवांशी रतूड़ी,नंदिनी शर्मा,सुहानी वर्मा, मान्या दरगन, आराध्या सिंह, मोनिका, प्रतिज्ञा, अंशिका, प्रियंका एवं अंचल द्वारा समूह लोकगीत की शानदार प्रस्तुति करके प्रथम पुरस्कार जीता। समूह लोक नृत्य में राजकीय महाविद्यालय गदरपुर प्रथम, एकल लोकगीत में राजन कंबोज ,भाषण में कुणाल मेहरा प्रथम बुशरा जहां द्वितीय एवं सना तृतीय रहे, एकल लोक नृत्य में फिजा तथा तनुजा परिहार ने पुरस्कार जीता। इस मौके पर बीडियो शेखर जोशी, एल डी एम एस जंगपांगी, डीपीओ अमित मेहरा ,बीओ पीआरडी गौरव त्रिपाठी, बी एम एम शखावत जी, पत्रकार जसपाल डोगरा एवं पत्रकार देवेंद्र सिंघ द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर प्रेम सिंह, गोविंद सिंह,राम सिंह,हीरा सिंह सहित स्कूलों के शिक्षक गण आदि मौजूद रहे।



# सुरक्षित यातायात हेतु सभी ठोस कदम उठायें: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के मार्गों पर यातायात सरल, सुगम व सुरक्षित हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात हेतु सभी ठोस कदम उठाये जायें। उन्होंने नशे की हालत में वाहन चलाने वाले, ड्राइविंग करते समय फोन पर वार्ता करने वालों, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जम्पिंग, भार वाहनों में यात्री वहन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने काशीपुर में बन रहे रेलवे ऑवर ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के सख्त निर्देश एनएचएआई के अभियंताओं को दिये। उन्होंने रूद्रपुर में गाबा चौक तथा इन्दिरा चौक पर प्रस्तावित फूट ऑवर ब्रिज निर्माण हेतु नगर निगम तथा जिला विकास प्राधिकारण के साथ बैठक करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। उन्होंने ब्लड बैंक तथा ई-रक्तकोष पोर्टल से सम्बन्धित सूचनाएं सभी निजि चिकित्सालयों तथा एनएच के आसपास स्थित थानों में भी मुहैया कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने जनपद में दुर्घटना संभावित एवं ब्लैक स्पोट्स चिन्हित करने करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि हरीश कुमार, एआरटीओ बीके सिंह, चक्रपाणि मिश्रा, अशीत कुमार झा, जितेन्द्र चन्द, एसीएमओ डॉ.हरेन्द्र मलिक, सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार आदि उपस्थित थे।



# उजाड़े गये लोगों को न्याय दिलाने के लिए होगा आंदोलन: खान

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस जिला सचिव ने कहा कि रेलवे स्टेशन के आगे शहर के ठेले लगाने के लिए जो वेंडिंग जॉन बनाया जा रहा है, उसका वे स्वागत करते है किंतु ठेले वालों को वेडिंग जोन में बसाने से पहले बंडिया तक अतिक्रमण के नाम पर उजाडे गए लगभग 240 दुकानदारों को कम से कम 8 फिट प्रति दुकानदार के हिसाब से खोखे लगाने के लिए जगह पहले उनको आवंटित की जानी चाहिए। कांग्रेस के जिला सचिव एन यू खान ने बयान में कहा कि हम बेंडिंग जोन बनाने अथवा ठेलो को वहां लगाने के विरोधी नहीं है पर जिन 240 दुकानदारों को बेरोजगार कर दिया गया था और उनको पूरी तरह से उजाड़ा गया था ऐसे परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है उनको अजीब का चलाने के लिए दुकानों की जगह आवंटित किया जाना बेहद आवश्यक है। ऐसे लोग ठेले लगाने का व्यवसाय करने में सक्षम नहीं है मानवीय आधार पर उनको उनके अपने व्यवसाय हेतु दुकानों का आवंटन किया जाना बेहद आवश्यक है। श्री खान ने कहा के सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी चिंता करनी चाहिए यदि ऐसा करने में शासन प्रशासन ध्यान नहीं देता है तो इन लोगों के साथ इनको न्याय दिलाने के लिए एक बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता खान ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर रोजी-रोटी छिन गई है। लोग सड़क पर आ गए हैं। सड़क का चौड़ीकरण किया गया है।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी सम्भाग कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत संकल्प यात्रा, बूथ बैठक और कार्यकर्ताओ के आगामी कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, जिला प्रभारी कैलाश शर्मा, सह जिला प्रभारी विवेक सक्सेना, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, मंच में मौजूद रहे। सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा संगठन ने हमें जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के प्रति हम कृतृव्य निष्ठा से काम करना और विकसित भारत संकल्प यात्रा को मजबूती से जनता तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए नैनीताल जिले के हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां से कार्यक्रमो की रूपरेखा को जन जन तक पहुंचाना और संगठन के माध्यम से जनता तक पहुंचाना हमारा काम है। जगह जगह हमें जनता के लिए शिविर लगाना, समाज कल्याण के शिविर लगाकर जनता को जागरूक करना और उनको लाभ दिलवाना प्रधानमंत्री के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने पद की गरिमा को समझते हुए जनता और अधिकारियों से संवाद करे। संगठन में बहुत सारे कार्यक्रम चल रहे हैं। जिसे हमें गम्भीरता




से लेते हुए पार्टी के कार्यक्रम और अन्तिम छोर तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। जिला प्रभारी कैलाश शर्मा ने कहा की जो अधिकारी हमारे कार्यकर्ताओं और जनता के काम नहीं सुन रहे हैं, काम को गम्भीरता से नहीं ले रहें हैं उन अधिकारियों की मोनटेरिंग कार्यकर्ता करें। हम जनता और उसके समस्याओं का हल करने के लिए है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता आपने दायित्व का निर्वहन करते हुए विकसित संकल्प यात्रा को सफल बनाये। हमे जनता का सेवक बनने का हमें मौका मिला है। हमें उसे बखूबी जनता के कार्यो को पूरा करके उसका लाभ मिलेगा। सह जिला प्रभारी विवेक सक्सेना ने कहा हमें अपने बूथ को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने के लिए काम करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन द्वारा चलाए जा रहे विकसित संकल्प यात्रा को और कार्यक्रम में तेजी से पूर्ण करने की आवश्यकता है। अट्ठारह से पैंतीस वर्ष के सिक्ख समुदाय के युवाओं का सम्मेलन उधम सिंह नगर में आगामी 18 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। नैनीताल जिले से इस कार्यक्रम का प्रभारी हरिमोहन अरोरा को नियुक्त किया गया। बैठक में विकसित संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी विनीत अग्रवाल, निवर्तमान मेयर जोगिंदर रौतेला, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, प्रदेश प्रवक्ता हेमन्त द्विवेदी,सह मीडिया प्रदेश प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, विकास भगत, हरिमोहन अरोड़ा, दिनेश खुल्वे, प्रतिभा जोशी, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, प्रमोद बोरा, बहादुर नदगली, कल्पना बौरा, रेनू अधिकारी, विजय लक्ष्मी, योगेश रजवार, अल्का जीना, कंचन कश्यप, मंडल अध्यक्ष व सम्पूर्ण जिला पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण ( उरेडा) के नेतृत्व में आयोजित जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रीति ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान तथा सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर के छात्र उदित वर्मा ने सीनियर डिवीजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को कि सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार गहलोत, सीपी यादव, प्रमोद बाबू शर्मा,



चित्रकला प्रतियोगिता में अजय कुशवाहा ने जूनियर वर्ग में चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर की छात्रा पिंकी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा (उरेडा) की ओर से नगद धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्य क्रम संयोजक प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने बताया कि इससे पहले ब्लॉक स्तर से चयनित छात्र छात्रों को इसमें प्रतिभा कराया गया। कार्यक्रम संयोजक कृपाल सिंह कंबोज ने बताया राघवेंद्र प्रताप सिंह, कैलाश राम कालाकोटी, मोहम्मद लुकमान, राजपति बिंद ने निर्णयक के रूप मे भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी ब्लॉकों के मार्गदर्शक शिक्षक तथा छात्र छात्रों में प्रतिभाग किया।

# मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। थाइलैण्ड में 1 से 9 दिसम्बर तक आयोजित वर्ड एबिलिटी डिसेबल्ड स्पोर्ट्स गेम में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले जनपद के होनहार खिलाड़ियों शरद जोशी, रविपाल, सत्य प्रकाश तथा कोच गोविन्द परिहार, डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी आदि ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से जिला कार्यालय पहुँचकर शिष्टाचार भेंट की। जिलाधिकारी ने सभी को मेडल जीतकर अन्तराष्ट्रीय



स्तर पर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करने पर सभी को शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराई जायेगी। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि हमारे डिसेबल्ड खिलाड़ी मनोज सरकार, शरद जोशी, रविपाल, सत्य प्रकाश आदि हमारे आईकॉन है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने साबित करके दिखाया है कि मन में कुछ कर गुजरने की चाहत और हौंसला हो तो कोई भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सभी ने साबित किया है कि शारीरिक दिव्यांगता व्यक्ति को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है।गौरतलब है कि थाइलैण्ड में 1 से 9 दिसम्बर तक आयोजित वर्ड एबिलिटी डिसेबल्ड स्पोर्ट्स गैम में शरद जोशी ने बैडमिंटन में गोल्ड मेडल, रवि पाल ने ब्रांज मेडल सत्य प्रकाश ने 100 मीटर रेस में ब्रांज मेडल प्राप्त कर देश, राज्य व जनपद का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है।

# खाली बर्तनों के साथ जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा आर्मी कैंट के पास लगा ट्यूबवेल 4 महीने में तीसरी बार खराब होने से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में खाली बर्तनों के साथ जल संस्थान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। प्रीती आर्या ने कहा पेयजल विभाग लगातार मोटे कमीशन के चक्कर में



घटिया गुणवत्ता की मोटर लगा रहा है। जिससे हर महीने ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाती है। इलाके की दस हजार से अधिक की आबादी पानी के लिए दर-दर भटकती है। जल्दी ट्यूबवेल ठीक नहीं होने पर विभाग में तालाबंदी की जाएगी।खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन करने वालों में प्रीती आर्या, अनिता वाल्मीकि, पुष्पा देबी बिजली देवी, राजमाला, वीरमती, गजराम वाल्मीकि, कंचन खत्री, काजल आर्या, मनीष साहू, संगीता आर्या, रमेश टम्टा समेत दर्जनों लोग थे।

# हर वर्ग को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा के ग्राम दरऊ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा की आई०ई०सी० वैन के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। किच्छा के ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ साथ वंचित लोगों को योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पिछले 09 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत का नाम विश्व पटल पर ऊंचा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जितनी भी योजनाएं बनायी है, वे सभी योजनाऐं गरीबों को केन्द्रित कर बनायी गयी है। जिसमे







आयुष्मान योजना,जल जीवन मिशन योजना, उज्जवला योजना, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, आवास योजना, स्वच्छ भारत, अटल पेंशन योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्टार्ट-अप योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना, सौभाग्य योजना, मातृ वंदना योजना, डिजिटल भारत योजना शामिल है। उन्होंने कहा विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से जनपद ऊधमसिंहनगर की सभी ग्राम पंचायतों व राज्य के सभी 7795 ग्राम पंचायतों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा सतत कृषि प्रयास के माध्यम से कृषको मे भी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। राज्य में अभी तक लगभग 793 ड्रोन प्रदर्शन तथा 911 मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदर्शन किए गए हैं। लगभग 1101 लाभार्थी कृषकों को केसीसी के लिए नामांकन किया गया है। शुक्ला ने कहा निश्चित ही यह यात्रा 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह कदम मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने पीएम उज्ज्वला योजना तथा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को किट वितरित किये । इस अवसर पर नोडल अधिकारी विकसित भारत राजेंद्र चौहान, सह नोडल अधिकारी भूपेंद्र कुमार, ए0डि0यो0 पंचायत डीके पंत, वैज्ञानिक पंतनगर डॉक्टर अजय प्रभाकर, प्रधानाचार्य सतपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख ममता जलहोत्रा, सैयद इफ्तार मियां, सुजात यार खान, ग्राम प्रधान शमीम अहमद, कबीर अहमद, मोहन पेटवाल, कुशाल राणा, गीता, पुष्पा सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 15 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसओजी ने 15,000 के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु एस० ओ०जी० टीम को ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी एवं सक्रिय अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही



करने के निर्देश के तहत निरीक्षक भारत सिंह प्रभारी एस०ओ०जी० के नेतृत्व में एस०ओ०जी० टीम ने थाना खटीमा में पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित ईनामी अभियुक्त राधेश्याम पुत्र रामचन्द्र निवासी रामेश्वर कालोनी लाईन पार थाना मझोला मुरादाबाद जो कि काफी समय से फरार चल रहा था, जिस पर 15,000 रूपये ईनाम घोषित किया गया था को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त काफी समय से अपनी पहचान छिपाने के लिये लगातार ठिकाने बदल कर रह रहा था। एस०ओ०जी० व विवेचक मुकदमा की संयुक्त टीम द्वारा अथक प्रयासों से राधेश्याम को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

# नंदनी कोचर ने ताइक्वांडो में किया नाम रोशन

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत रुद्रपुर स्टेडियम में आयोजित खेल महाकुंभ खेल कूद प्रतियोगिताओं में एसएस पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदनी कोचर ने जिले में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान पक्का करके जिला उधम सिंह नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया वही प्राची कार्की एवं मीनाक्षी ने सिल्वर मेडल जीत कर अपने



विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया । विद्यालय के चैयरमेन डी0 पी0 सिंह ने खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं में नंदनी कोचर को प्रदेश में स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया तथा प्राची कार्की एवं मीनाक्षी को आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओ में प्रतिभाग करने के लिए चयनित किया । विद्यालय सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने विद्यालय से मिलने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता के लिए पुरस्कार की घोषणा की । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स,परविंदर सिंह ने गोल्ड मैडल की जीत पर नंदनी कोचर को विद्यालय के मंच पर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद दिया और नंदनी को विद्यालय के मान सम्मान को बढ़ाने के लिये नंदनी के माता पिता का आभार जताया। प्रधानाचार्य ने सभी को उच्च स्तर के स्पर्धाओ के प्रतिभाग करवाने के लिए विद्यालय का क्रीडा स्थल भी उपलब्ध कराने का वादा किया और माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद कहा जिन्होने इस तरह की स्पर्धा करवाके प्रतिभाओ की खोज करने का लक्ष्य रखा उन्होंने विद्यालय परिवार का भी धन्यवाद किया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई

करीब दो महीने पहले बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों में कुछ गिरावट की वजह से आम लोगों को जो फौरी राहत मिली थी, वह अब एक बार फिर छिन गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर जारी आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की वस्तुओं के दाम में बढ़ोतरी की वजह से खुदरा महंगाई पिछले तीन महीने के उच्चस्तर यानी 5.55 फीसद पर पहुंच गई। दरअसल, बीते अगस्त से खाद्य वस्तुओं के दाम में कमी आने की वजह से महंगाई दर में कमी आ रही थी। इसी क्रम में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई अक्तूबर में 4.87 फीसद पर आ गई थी। तब लोगों को यही लगा था कि पिछले करीब तीन साल से बाजार में बहुत सारी जरूरी वस्तुओं तक जिस तरह उनकी पहुंच नहीं हो पा रही थी, उससे अब राहत मिलेगी। मगर यह भाव ज्यादा दिन नहीं टिक सका। अक्तूबर में रोजमर्रा के जरूरी सामान की कीमतों में नरमी की वजह से जो उम्मीद जगी थी, वह नवंबर में छिन गई। अब महंगाई की दर भले ही साढ़े पांच फीसद के आसपास यानी रिजर्व बैंक की ओर से अधिकतम सीमा के दायरे में हो, मगर यह उसके करीब भी है। वस्तुओं की खुदरा कीमतें इस स्तर पर पहुंचने के बाद एक बड़ी आबादी खाने-पीने तक को लेकर अपने हाथ समेटने लगती है। हालांकि माना जाता है कि ठंड के मौसम की शुरुआत के बाद खासतौर पर बाजार में सब्जियों की आमद बढ़ने की वजह से कीमतों में कमी आती है, लेकिन ताजा आंकड़े इसके अनुकूल नहीं दिख रहे। सही है कि करीब तीन साल पहले महामारी की वजह से जो हालात पैदा हुए, उससे उबरने में देश को काफी वक्त लगा और अब भी कई क्षेत्र खुद को संभालने की कोशिश में हैं। मगर बहुत सारे मामलों में बाजार में सहजता आई है और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर भी देखने में आया। अब अगर स्थितियों में सुधार आने के साथ-साथ औद्योगिक से लेकर खाद्यान्न उत्पादन के स्तर पर भी उम्मीदें जगी हैं, तब ऐसी स्थिति में बढ़ती महंगाई एक प्रतिकूल स्थितियां ही पैदा करेगा। खासतौर पर खाने-पीने के सामान की कीमतें अगर आम लोगों की पहुंच से दूर होने लगती हैं, तो इसका सीधा असर उनके बाकी खर्चों पर पड़ता है। महंगाई के मोर्चे पर तात्कालिक राहत मिलने के बाद उम्मीदों के धुंधले होने की वजहें कोई छिपी नहीं रही हैं। खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के लिए खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया गया है। दरअसल, नवंबर महीने में खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई थी, जिसके कारण खाद्य महंगाई दर 8.70 फीसद जा पहुंची। यह अक्तूबर में 6.61 फीसद थी। सवाल है कि अगर इस कारण को चिह्नित किया गया है, तब सरकार के संबंधित महकमे यह सुनिश्चित करने में नाकाम क्यों हो जाते हैं कि बाजार में मांग के अनुपात में जरूरी वस्तुओं, खासतौर पर खाने-पीने के सामान की आपूर्ति में सहजता बनी रहे! यह जगजाहिर तथ्य है कि अगर मौसम में उथल-पुथल से उत्पादन प्रभावित होने या फिर अन्य वजहों से बाजार में किसी वस्तु की आपूर्ति कम होती है, तो इसका फायदा उठा कर कुछ कारोबारी कीमतों के मामले में मनमानी करना शुरू कर देते हैं। यानी उत्पादन से लेकर आपूर्ति और बिक्री के स्तर पर उपजी मुश्किल या फिर अव्यवस्था को अगर सही समय पर नियंत्रित नहीं किया जाता है तो इसका असर वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर पड़ता है। अगर ऐसी स्थिति पैदा होती है तो इसमें दुरुस्त करने की जिम्मेदारी किसकी है?

# पशुपालकों के लिए मददगार साबित हो रही एंबुलेंस सेवा

देहरादून । पशुओं के इलाज के लिए संचालित की जा रही एंबुलेंस सेवा पशुपालकों के लिए मददगार साबित हो रही है। बीमार, घायल पशुओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए हर रोज औसतन 497 कॉल पहुंच रही हैं। हालांकि एंबुलेंस की कमी की वजह से औसतन 280 पशुओं को ही उपचार मिल पा रहा है। ज्यादा से ज्यादा पशुपालकों की मदद के लिए एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने पर विचार चल रहा है। इसके तहत 35 और एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं के निशुल्क उपचार के लिए 16 नवंबर 2022 को मोबाइल वेटरनरी यूनिट सेवा शुरू की गई थी। मानवों के लिए 108 एंबुलेंस की तरह पशुओं के लिए इस सेवा को 1962 नाम दिया गया। पिछले साल सेवा के शुरू होने से लेकर 30 नवंबर तक देहरादून कॉल सेंटर 188421 कॉल पहुंच चुकी है। 379 दिन में 106051 पशुओं का इलाज हुआ। इसके जरिये हर दिन औसतन 280 पशुओं निशुल्क उपचार हुआ। पर पशुओं की संख्या और कॉल को देखते हुएमौजूदा पशु एंबुलेंस की संख्या काफी कम है। इस संख्या को बढ़ाने का फैसला किया गया है। यह एंबुलेंस 35 ब्लॉक में तैनात होंगी। वहीं, पशु एंबुलेंस सेवा का लाभ लेने के मामले पिथौरागढ़ जिला सबसे आगे रहा, इस जिले के पशुपालकों ने इस सेवा के माध्यम से 15,827 पशुओं का उपचार कराया। 1962 एमवीयू के राज्य प्रभारी आशीष नेगी ने बताया कि वर्तमान में करीबन 204 चिकित्सक स्टाफ विभिन्न जिलों में एमवीयू में सेवाएं दे रहे हैं। वही कॉल सेंटर में 16 का स्टाफ है, जो कॉल के बाद नजदीकी वाहन में चिकित्सक को सूचित कर संबंधित क्षेत्र में जाने के निर्देश देते हैं। बताया कि प्रत्येक वाहन में एक पशुचिकित्सक, एक सहायक स्टाफ और एक ड्राइवर मौजूद रहते हैं।

# सीओ ने किया कोतवाली का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सीओ सिटी अनुषा बडोला ने कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रजिस्टरों को ठीक से रख रखाव के भी निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले मालखाना का निरीक्षण किया। इसके बाद बाल मित्र पुलिस थाने की भी स्थित देखी। कार्यालय में रखे रजिस्टरों



का सही से रख रखाव के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल विक्रम राठौर, एसएसआई कमाल हसन, एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी, बगवाड़ा चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल,एसआई जय प्रकाश चन्द्र,एसआई विकास कुमार,एसआई अशोक फर्त्याल,एसआई अशोक कुमार,एसआई उमेश रजवार, एसआई मोहन चन्द्र जोशी, महिला दरोगा नेहा राणा,सीओ औफिस से हेड कांस्टेबल विजय कुमार भारती, कैलाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# युवा सिख सम्मेलन के लिए किया जनसंपर्क

गदरपुर(उद संवाददाता)। 18 दिसंबर को रुद्रपुर में प्रस्तावित युवा सिख सम्मेलन को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा विधानसभा गदरपुर के श्रीरामपुर अमृत नगर अर्जुनपुर में व्यापक जनसंपर्क कर सिख समाज के लोगों से युवा सिख सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि युवा सिख सम्मेलन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट,उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बलदेव औलख का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस मनाए जाने करतारपुर कॉरिडोर खोले जाने के साथ ही हेमकुंड साहब में रोपवे बनाने सहित महत्वपूर्ण कार्य सिख समाज के लिए किए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी द्वारा आनंद कॉरेज एक्ट बनाया गया है। इस दौरान उन्होंने युवा सिक्ख सम्मेलन में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भोला शर्मा, गुरमुख सिंह, गुरचरण सिंह, हजारा सिंह, कश्मीर सिंह, शाहिद बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

# अज्ञात ने खाते से निकाल लिए रुपए

रूद्रपुर । अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक खाता धारक के खाते से हजारों रुपए निकाल लिए गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पान सिंह पुत्र जमन सिंह निवासी अल्मोड़ा गाव बिरोड़ा हाल पता अरविन्द नगर ट्रांजिट कैंप ने बताया कि 14 दिसंबर रात्रि उसके खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2000 रूपये निकाल लिऐ गये। जिसका कुछ पता नही चल पा रहा है। पान सिंह का कहना है कि उसने किसी से भी किसी प्रकार का कोई लेन देन नही किया है। उसके बावाजूद भी उसके खाते से पैसे कट गये।

# उप निदेशक ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उप निदेशक तकनीकी अग्निशमन एवं आपात सेवा देहरादून एसके राणा द्वारा यहां फायर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अग्निशमन अधिकारी रुद्रपुर गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा परेड फालीन कर सलामी दी गई। तत्पश्चात श्री राणा द्वारा फायर स्टेशन में उपलब्ध वाहनों आपदा उपकरणों को चेक किया गया। आपदा उपकरणों को प्रत्येक कर्मचारी से स्टार्ट कराया गया। फायर स्टेशन में उपलब्ध वाटर टेंडर व मिनी वाटर टेंडर के होजरील की कार्यशीलता को चेक किया गया। उन्होंने बैरिक, वाचरूम, स्टोर, एमटी स्टोर, कार्यालय ,मैस का निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखों को चेक किया। तत्पश्चात कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। जिसमें उन्होंने सभी कर्मचारियों से उनकी समस्या के बारे में पूछा तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह कर्मचारियों का सम्मेलन लिया जाय तथा किसी भी कर्मचारी की कोई समस्या होने पर उसका निस्तारण किया जाए। उन्होंने अग्निकांडों शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया।








# विभिन्न राज्यों में दो करोड़ की साइबर ठगी का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

## फर्जी वेबसाइट बनाकर संपर्क कर बनाता था ठगी का शिकार

देहरादून(उद संवाददाता)। यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर वीडियो को फॉलो, लाइक और सब्सक्राइब कर पैसे कमाने का लालच देकर लोगों से ठगी करने के आरोपी को एसटीएफ ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों में कई लोगों से दो करोड़ रुपये की ठगी की है। पांच राज्यों की पुलिस को आरोपी की तलाश थी। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को एक शिकायत मिली थी। हरिद्वार निवासी शिकायतकर्ता को साइबर ठगों ने एक कंपनी का एचआर मैनेजर बताते हुए यूट्यूब व इंस्टाग्राम वीडियो को फॉलो, लाइक और सब्सक्राइब करने के टास्क देकर पैसे कमाने का लालच दिया और 19 लाख 24 हजार रुपये ठग लिए। मामले में मुकदमा दर्ज कर निरीक्षक विकास भारद्वाज को जांच दी गई। जांच में सामने आया कि जिस खाते में रकम जमा हुई उसका संचालन नरेंद्र दुखिया निवासी गिरावंडी नागौर राजस्थान है। टीम को राजस्थान भेजा गया। टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी नरेंद्र दुखिया को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना नागौर राजस्थान लाया गया। पूछताछ से पता से पता चला कि नरेंद्र दुखिया ने अपने दोस्त हरचंद दारा के नाम पर खाता खुलवाया था। इसके बाद वह ट्रेडिंग के नाम पर अन्य आरोपी को पैसे ट्रांसफर करता था। आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम हरियाणा, बैंगलुरू कर्नाटक, मुंबई महाराष्ट्र, हैदराबाद तेलंगाना, तेलंगाना में साइबर ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नामी कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर आम जनता से व्हाट्सएप, ईमेल, दूरभाष और अन्य सोशल साइटों के माध्यम से संपर्क करते हैं। स्वयं को नामी कंपनियों का एचआर, अधिकारी, कर्मचारी बताकर लोगों को प्रतिदिन तीन से आठ हजार रुपये कमाने का लालच देते हैं। इसके बाद उन्हें लिंक भेजकर टेलीग्राम एप डाउनलोड करवाते हैं। अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ते हैं। फिर यू-ट्यूब वीडियो लाइक एवं सब्सक्राइब करने का टास्क देते है। इसके बाद इसमें निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर उनसे धोखाधड़ी करते हैं। इसके लिए वह फर्जी सिम, आईडी कार्ड तथा फर्जी खातों का प्रयोग करते हैं।

# जिला अस्पतालों में पांच प्रतिशत बेड मानसिक रोगियों के लिए रहेंगे आरक्षित

## बढ़ रहे मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 30 डॉक्टरों को प्रशिक्षण

देहरादून। सरकार ने प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में पांच प्रतिशत बेड मानसिक रोगियों के उपचार के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य में औसतन 11.70 लाख मानसिक रोगी हैं, इनमें 2.34 लाख गंभीर और 6 साल तक मानसिक दुर्बलता से ग्रसित बच्चों की संख्या 1.17 लाख होने का अनुमान है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की 2001 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों का औसत कुल आबादी का 10 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट के मुताबिक उत्तराखंड में मानसिक रोगियों की संख्या लगभग 11.70 है। राज्य का एक मात्र मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय, सेलाकुई देहरादून में मानसिक रोग से ग्रस्त रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम में मानसिक रोगी की श्रेणी में नशे की आदत को भी शामिल किया गया है। धामी सरकार ने उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जनजागरूक अभियान चलाया गया है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य नीति नियमावली में सभी नशामुक्ति केंद्रों का पंजीकरण अनिवार्य किया है। प्रदेश में अवैध संचालित केंद्रों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दे दिए गए हैं।। राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों में नशा ग्रस्त व्यक्तियों को मुख्यधारा से जोड़ने व पुनर्वास के लिए सभी जिलों में नशा मुक्ति केंद्रों को प्रभावी बनाया जा रहा है। वर्तमान में चार इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट्स संचालित किए जा रहे हैं। नशे की गिरफ्त में आए लोगों को काउंसिलिंग और इलाज कर नशे से दूर किया जाएगा।राज्य में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। साथ ही पुनर्वास केंद्रों की संख्या भी सीमित हैं। प्रदेश सरकार नशामुक्त भारत अभियान के तहत 30 डॉक्टरों को निम्हांस बंगलूरू से मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा गढ़वाल व कुमाऊं में 100 बेड क्षमता का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की प्रक्रिया चल रही है। मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेलाकुई को 100 बेड का मानसिक चिकित्सालय में उच्चीकृत किया गया है। इसके अलावा नैनीताल के गेठिया 100 बेड का मानसिक चिकित्सालय बनाया जाएगा।

# विधानसभा की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। संसद की सुरक्षा में हुई चूक के बाद सीएम धामी ने विधानसभा की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देश के बाद गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था की अध्यक्षता में आईजी गढ़वाल, डीआईजी और एसएसपी देहरादून के साथ विधानसभा का भ्रमण कर समीक्षा की। विधानसभा भ्रमण के दौरान कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा विधानसभा में स्थापित अग्निशमन उपकरणों का सुरक्षा ऑडिट किया। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था ने विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधानसभा की पुख्ता सुरक्षा के सम्बंध में अधिकारियों को एसओपी बनाने के निर्देश दिए। एसओपी में विधानसभा में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों, कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों के आवागमन, एक्सेस कंट्रोल, चेकिंग-फ्रिस्किंग के सम्बंध मे विस्तृत प्लान बनाने के साथ ही विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना होने के लिए निर्देशित किया।



# शराब और चाकू के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुल भट्टा थाना पुलिस ने देर रात्रि चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थान से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिनमें से एक के पास 50 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा दूसरे व्यक्ति के पास से धारदार हथियार युक्त चाकू बरामद किया है। पुल भट्टा थाना इंचार्ज कमलेश भट्ट ने बताया कि गत रात्रि चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को धर दबोचा जिसने अपना नाम अफान पुत्र इरफान अहमद निवासी थाना बहेड़ी बरेली बताया चेकिंग के दौरान उससे एक अदत तेज धार वाला चाकू बरामद हुआ पूछताछ में उसने बताया कि वह गाड़ियों से बैटरियां चोरी कर बेचता है ।तथा चाकू से लोगों को डरा धमकाता है दूसरी तरफ चेकिंग के दौरान थाना के पास पुलिस ने एक युवक से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की है जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम सोहन सिंह पुत्र जग्गा सिंह निवासी प्रधान लाइन नजीबाबाद थाना किच्छा बताया पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# तमंचा कारतूस के साथ दो शातिर किए गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो शातिर बदमाशों को दबोच कर अवैध तमंचा कारतूस व चाकू बरामद किया है। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों का आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने गांधी आश्रम स्थित आम के बाग के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए दोहरी वकील भट्टा कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी राजेश कुमार उर्फ जहरीला पुत्र अतर सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 32 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसी तरह कुंडेश्वरी पुलिस ने आईआईएम रोड भट्टा कॉलोनी पुलिया के पास से एक संदिग्ध को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने पकड़े गए दोनों बदमाशों से जरूरी जानकारी जुटाना के बाद उनका आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# अब प्रतियोगी परीक्षा से पहले होटल और कोचिंग सेंटरो की निगरानी जरूरी

## आयोग के अध्यक्ष मतोलिया ने ली बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता) प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिये उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) हरसंभव कोशिश में जुटा है। गुरूवार को आयोग के अध्यक्ष गणेश सिंह मतोलिया ने कुमाऊ कमिशनर कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और परीक्षा कार्य के दौरान समन्वय बनाकर काम करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि परीक्षा से पूर्व आसपास के होटलों, कोचिंग संस्थानों की निगरानी के साथ ही परीक्षा केन्द्रों में तलाशी के लिए पुलिस कर्मियों की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित किया जाए। मतोलिया ने कहा की नकल विहिन परीक्षा कराना अयोग की प्राथमिकता है। कहीं पर भी और किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तो संबधित के विरूद्ध कार्यवाई की जायगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा से पूर्व नोडल अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस जोनल अधिकारी व पर्यवेक्षकों की तैनाती करना सुनिश्चित किया जाए। एसपी सिटी हरबंश सिंह को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए परीक्षा केंन्द्रो में पुरूष व महिला बल की पर्याप्त तैनाती हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंन्द्रो के 100 मीटर परिधि में धारा 144 लागू किया जाना भी आवश्यक है। पंलिस विभाग यातायात व्यवस्था के साथ ही सीमा पर चेकिंग करें। मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की प्रत्येक परीक्षा केंन्द्रो में एक पर्यवेक्षक की तैनाती करें। कक्ष निरीक्षक कक्ष के सभी अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करें ।

## पेज एक का शेष...

**भजन लाल बने ..**वहीं, कांग्रेस को 69 सीटें मिलीं। राज्य की 200 में से 199 सीटों पर मतदान हुआ था। एक सीट पर उम्मीदवार के निधन की वजह से चुनाव टाल दिया गया था। भजनलाल पहली भरतपुर के रहने वाले हैं और पहली बार विधायक बने हैं। उन्हें मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों राजनाथ सिंह, सरोज पांडे और विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में मनोनीत मुख्यमंत्री घोषित किया गया। वसुंधरा राजे ने उनका नाम विधायक दल के नेता के तौर पर प्रस्तावित किया था। वहीं, दीया कुमारी विद्यानगर से विधायक हैं। जबकि बैरवा दूदू सीट से विधायक हैं। अजमेर नॉर्थ से विधायक वसुदेव देवनानी को स्पीकर बनाया गया है।

**अरविंद को भाजपा...**कॉर्बेट पार्क में चलने वाली सफारी को गूलरभोज जलाशय तक लाने की दिशा में भी प्रयासरत हैं। अरविंद पांडे के ऐसे ही विकास-प्रतिबद्ध कार्य एवं कर्मठता के चलते क्षेत्र की जनता अब शायद उन्हें एक नई भूमिका में देखना चाहती है। यही कारण है कि अब उन्हें आगामी आम चुनाव में नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। हाल ही में हल्द्वानी स्थित आकृति महिला समिति ,जिसके सदस्यों की संख्या तकरीबन 1 लाख से अधिक है ,ने अरविंद पांडे को बीजेपी का टिकट देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त बिंदुखत्ता में भी पर्वतीय समाज से जुड़े लोगों ने प्रस्ताव पास कर तथा नानकमत्ता में सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में अरदास कर पांडे को भारतीय जनता पार्टी से टिकट देने की मांग की है। काशीपुर में भी अवाम का एक बड़ा तबका अरविंद पांडे को नैनीताल उधम सिंह नगर सीट का सांसद बनाना चाहता है और उसने भी पांडे को भारतीय जनता पार्टी से टिकट देने की पुरजोर मांग की है।

**दबंगों ने घर में ..** इसी बीच लक्ष्मण, सोनू व सोनू का भाई निवासी खेडा ने सूरज को रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौच करने लगे। जब सूरज ने विरोध किया तो उन्होंने सूरज को मारना शुरू कर दिया। जिसके बाद सूरज भागकर अपने घर चला गया। पीछे से उक्त लक्ष्मण, सोनू व सोनू का भाई अपने साथ 15-20 अज्ञात दबंगयी लड़को को सूरज के पीछे पीछे ले आया और आकर उसके घर पर ईटो-पत्थरों की बारिश शुरू कर दी। गेट तोडकर घर में घुस गए कुछ लड़के टीनों पर चढ़ गए, जिससे टीने भी टूट गयी। घर में घुसकर उक्त व्यक्तियों ने सूरज को फिर से मारना शुरू कर दिया। जब सूरज की पत्नी रूबी, बडी भाभी रेखा, भाई चंदन, पिता जितेन्द्र ने सूरज को बचाना चाहा तो उक्त व्यक्तियों ने उन्हें भी मारा तथा चंदन के हाथ में तलवार मारकर उसकी उंगली काट दी। जिसके बाद उसके पति ने पुलिस को फोन किया। पुलिस के डर से हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकलें। पूर्व में भी उक्त व्यक्तियों ने उसके घर में घुसकर उसके परिवार वालो को बुरी तरह से मारा था जिसके बाद राजीनामा कर लिया था। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**होटल के कमरे में ..**खुला। करीब 11 बजे कमरे की सफाई करने कर्मी पहुंचा तब भी दरवाजा नहीं खुला तो कर्मी ने इसकी जानकारी होटल प्रबंधक की दी। जिसने भी दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। परंतु जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने 112 नंबर पर मामले से पुलिस की अवगत कराया। सूचना मिलते ही बाजार चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ होटल पहुंचे। जहां उन्होंने किसी तरह दरवाजा खुलवाया। भीतर यात्री मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया साथ ही होटल प्रबंधन से आवश्यक जानकारी लेकर मृत यात्री के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त कर उसके परिजनों को मामले से अवगत कराया। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

**प्रताड़ना से परेशान ...**में मैंने मामले को एक बार फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट की आंतरिक शिकायत समिति के सामने उठाया, जांच शुरू करने में 6 महीने और एक हजार ईमेल लग गए, उन्होंने प्रस्तावित जांच को दिखावा बताया है। कहा कि गवाह जिला जज के अधीनस्थ हैं। ऐसे में बॉस के खिलाफ गवाह कैसे जा सकते हैं, निष्पक्ष जांच तभी हो सकती है कि जब गवाह अभियुक्त के प्रशासनिक नियंत्रण से आजाद हो। महिला जज ने कहा मैंने जांच लंबित रहने के दौरान जिला जज को ट्रांसफर किए जाने का निवेदन किया था। लेकिन मेरी प्रार्थना पर भी ध्यान नहीं दिया गया, "जांच अब जिला जज के अधीन होगी, हमें मालूम है ऐसी जांच का नतीजा क्या निकलता है." इसलिए मुख्य न्यायाधीश से जिंदगी को खत्म करने की अनमुति मांगी है। महिला जज द्वारा इच्छा मृत्यु मांग के जाने के इस मामले से न्याय व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले को लेकर हड़कम्प मचा हुआ है। वही महिला जज द्वारा लिखे गया पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

**तेज रफ्तार ने ...**मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि सवार काफी ऊंचा उछल गया था। आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची बसंत विहार पुलिस ने साइकिल सवार को एंबुलेस के माध्यम से दून अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बसंत विहार महादेव उनियाल ने बताया कि कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

**किशोरी को जेवर सहित...**उसके बाद जब डांट के पूछा और कानूनी कार्यवाही करने को कहा तो पुत्री को बरेली जक्शन में छोडकर दोनों वहां से चले गये। जिसके बाद अपनी लडकी को बरेली से लेकर आये। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने अभी जेवरात वापस नहीं किया है और धमकी दे रहे हैं।

# अंडर-14 बॉक्सिंग बालक वर्ग में रूद्रपुर के नितिन बिष्ट प्रथम

रूद्रपुर (उद संवाददाता) जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ में गुरूवार को फुटबाल, खो-खो व ताइक्वांडो की खेल प्रतियोगिताए हुई। बाक्सिंग प्रतियोगिता अंडर-14 बालक वर्ग से वाक्संग में रूद्रपुर के नितिन बिष्ट ने प्रथम, जसपुर के हिमांशु ने दूसरा स्थान, खटीमा राघव, काशीपुर के दिव्यांशू पंत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला युवा कल्याण आधिकारी भूपेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि बाक्सिंग के 42-44 किलोग्राम भार में काशीपुर के आर्यन, रूद्रपुर के हर्षित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बाक्सिंग में ही 50-52 किलोग्राम भार में रूद्रपुर के आदित्य प्रथम स्थान सितारगंज के खिलाड़ी ईशान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कराटे की 35 किलोग्राम भार में खटीमा के अभिनव सिंह ने प्रथम स्थान, सितारगंज के खिलाड़ी अहित खान सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग प्रतियोगिता में हुई बाक्सिंग प्रतियोगिता में खटीमा के विवेक ने प्रथम स्थान, काशीपुर के गुलशन ने दूसरा स्थान, बाक्सिंग की 63-66 किलोग्राम भार में सितारगंज के खिलाड़ीयों को पुरूस्कृत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से निर्णायक मंडल में चिदंबर जोशी, गोविंद नारायण शर्मा, मनोज कुमार सिंह, विक्रांत, राजेन्द्र लाल वर्मा, सुरेश आर्या, केवल सिंह, राजेश, कमलेश, आदि मौजूद रहे ।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दायित्व वितरण में सभी वर्गों का हुआ सम्मान: चुघ





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा पार्टी के वरिष्ठ ग्यारह नेताओं को दायित्व सौंपे जाने का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। श्री चुघ ने राजधानी देहरादून में दायित्वधारी उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला, उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष देवेंद्र भसीन तथा अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर व राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता परिषद की उपाध्यक्ष विनोद उनियाल के आवास पहुंच कर उन्हें बुकेट भेंट कर बधाई दी। श्री चुघ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दायित्वधारियों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने के साथ ही समाज के सभी वर्गों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य का पंजाबी समाज पिछले कई वर्षों से स्वयं को राजनैतिक रूप से उपेक्षित महसूस कर रहा था। लेकिन अब नए दायित्वधारियों में पंजाबी समाज को भी स्थान देकर भाजपा सरकार ने सम्मान बढ़ाया है। इसका प्रभाव आगामी लोकसभा एवं निकाय चुनाव में देखने को मिलेगा। श्री चुघ ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है। उन्होंने सभी दायित्वधारी नेताओं को बधाई दी। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र बख्शी भी मौजूद थे।

# रेखा आर्या के जन्म दिन पर बांटी महालक्ष्मी किट




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने उत्तराखण्ड सरकार की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का जन्म दिन आंगनबाडी केन्द्र में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट भी वितरित की गयी। वार्ड न. दो विवेकनगर स्थित आंनगाड़ी केन्द्र संख्या नौ में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के जन्म दिन पर केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। अवसर पर रामपाल सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्यो के नेतृत्व में बाल कल्याण एवं महिला कल्याण की कई योजनाओं का संचालन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। सरकार हजारों महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने का काम कर रही है। निवर्तमान मेयर ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाएं महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। भाजपा सरकार में मातृ शक्ति के हित सुरक्षित है। आज महिलाएं आत्म निर्भर होकर हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर ने रोली, ममता शर्मा, पूजा राठौर, नलनी देवी, सरोजनी, अंजू राठौर आदि लाभार्थी महिलाओं को महालक्ष्मी किट भी प्रदान की। साथ ही उन्होंने महिलाओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आहवान भी किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास, सहायिका चंपा सरकार, संजय आदि भी मौजूद थे।

# भाखड़ा रेंज से काटे गए खैर के पेड़ों के 83 गिल्टे बरामद

रूद्रपुर। तराई केंद्रीय वन प्रभाग की भाखड़ा रेज से काटे गए खैर के पेड़ों के 83 गिल्टे वन विभाग की टीम ने केलाखेड़ा के चंदननगर गांव से बरामद किए हैं। आरोपी गिल्टों को ट्रक में भरने की तैयारी कर रहे थे और वन विभाग की टीम को देखकर भाग निकले। टीम ने लकड़ी सहित ट्रक और चार बाइक को जब्त कर टांडा रेंज परिसर में खड़ा किया गया है। भाखड़ा रेंज में अवैध खैर के कटान के बाद से रेंजर हरीश चंद्र पांडे लापता थे और शव भीमताल की झील से मिला था। बरामद लकड़ी की कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है। वन विभाग




के अनुसार 12 दिसंबर की रात टांडा रेंज के रेंजर रूप नारायण गौतम को मुखबिर ने सूचना दी कि भाखड़ा रेंज से काटे गए खैर के पेड़ों के गिल्टे ग्राम चंदननगर केलाखेड़ा निवासी अमरजीत सिंह के घर पीछे नाले में छिपाया गया था। इस पर उन्होंने रेंज स्टाफ, वन सुरक्षा दल और भाखड़ा रेंज की संयुक्त टीम के साथ घटनास्थल पर दबिश दी। इस दौरान आयसर ट्रक संख्या यूपी 38 टी 7246 में कुछ लोग गिल्टे भर रहे थे और टीम को देखकर गन्ने के खेतों की ओर पैदल भाग गए। टीम ने मौके से एक ट्रक, चार बाइक और खैर की लकड़ी के 83 गिल्टे बरामद किए। बरामद लकड़ी और वाहनों को रेंज कार्यालय में लाकर खड़ा किया गया है। रेंजर गौतम ने बताया कि अमरजीत के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया जाएगा। अमरजीत के खिलाफ बरहैनी में एक साल पहले खैर के पेड़ काटने का वन अपराध दर्ज है। आरोपी बरामद गिल्टों को ट्रक में लादकर दूसरी जगह ले जाने की फिराक में थे।

# इसरो के वैज्ञानिकों ने पंतनगर में लगाई प्रदर्शनी

किच्छा(उद संवाददाता)। इण्डियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन (इसरो) अहमदाबाद के वैज्ञानिकों द्वारा कैम्पस स्कूल, पन्तनगर में अंतरिक्ष के बारे में और हमारे देश की अंतरिक्ष में स्थिति के बारे में जागरूक करती एक अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी "सेलिब्रेशन आफ मिशन मून" आयोजित की गयी। बृहस्पतिवार को इसरो द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी का क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पन्तनगर विश्वविद्यालय प्रबन्ध परिषद के सदस्य राजेश शुक्ला ने भ्रमण किया। शुक्ला ने पहले स्पेस सटल वैन फिर इसरो के वैज्ञानिक डॉ० एन जे भट्ट एवं कैम्पस स्कूल के प्रधानाचार्य बी सी पाठक संग जनक नायर सभागार में आयोजित प्रदर्शनी का भ्रमण कर स्कूल के मैदान में डेमो रॉकेट लॉन्च कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसरो के वैज्ञानिक डॉ० एन जे भट्ट से शुक्ला ने विभिन्न विषयों पर बारीकी से जानकारी प्राप्त की। शुक्ला ने इसरो की टीम का अभिवादन करते हुए कहा कि आपके आने से हमारे क्षेत्र का एक बच्चा भी यदि प्रेरित होकर देश के लिए वैज्ञानिक बनता है तो यह इस आयोजन की बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और क्षेत्र के लिए यह बहुत हर्ष का विषय है सभी लोगों को अपने परिवार सहित यहाँ आना चाहिए और जानना चाहिए के शिक्षकगण मौजूद थे।




# करोड़ों के निवेश से समृद्ध होगा उत्तराखण्ड: मक्कड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोदी विकास मिशन राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार दलीप सिंह मक्कड़ ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से उत्तराखण्ड में निवेशकों ने जो रूचि दिखाई है उससे उत्तराखण्ड विश्व पटल पर अलग पहचान बनायेगा। उन्होनें कहा कि मुख्यमत्री धामी ने अपनी दूरदर्शिता एवं सकारात्मक सोच से उत्तराखण्ड में निवेशकों के लिए बेहतर माहौल बनाने का काम किया है। आज दुनिया भर के निवेशक उत्तराखण्ड में उद्योग लगाने के लिए आगे आ रहे हैं। इससे राज्य में हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही उत्तराखण्ड को समृद्ध राज्य बनाने का सपना भी साकार होगा।

